प्रादेशिक समाचार

21.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्यपाल

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची में आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि झारखंड की उच्च शिक्षा को नई दिशा देने के लिए परिणामोन्मुख कार्य की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध परीक्षा और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राज्यपाल ने कुलपतियों से विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण, शोध, नवाचार, कौशल आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री लिंकज को मजबूत करने का आह्वान किया।

नक्सली समर्पण

राजधानी रांची में धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के 25 नक्सलियों और जेजेएमपी के दो उग्रवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में आठ नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनके खिलाफ 426 मामले दर्ज हैं। डीजीपी तदाशा मिश्र ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों के पुनर्वास और उनकी मांगों को पूरा करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री प्रतिकिया

कोल्हान के सारंडा में सक्रिय 25 से अधिक नक्सलियों के एक साथ समर्पण करने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य मुख्यधारा से भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है

दूर्गा सोरेन पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि के अवसर पर नामकुम स्थित उनके स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय एवं सुप्रियो भट्टाचार्य भी उपस्थित थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा की मिसाल रहा है। झारखंड राज्य की स्थापना में उनका योगदान अमिट है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

राजनाथ–पीएम सम्मान

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खाद्य और कृशि संगठन के एग्रीकोला मेडल से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने कहा कि यह सम्मान खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने, टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने और ग्रामीण विकास को गति देने में श्री मोदी के शानदार नेतृत्व को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री को रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट के ग्रैंड क्रॉस और स्वीडन के रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार से सम्मानित किए जाने पर भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सम्मान श्री मोदी के नेतृत्व में भारत के प्रति बढ़ते सम्मान और वैश्विक मंच पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाते हैं।

अवैध भाराब

पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने आज व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान नौ मामले दर्ज किए गए और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरबिंद कुजूर ने बताया कि जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों की सूचना देने वाले लोगों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

एथलेटिक्स

भारतीय एथलेटिक्स संघ के निर्देश पर झारखंड एथलेटिक्स संघ और खेल विभाग, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 22 मई से 25 मई 2026 तक रांची में 29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 700 खिलाड़ी और 150 तकनीकी पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। और इसके प्रदर्शन के आधार पर कॉमनवेल्थ गेम्स 2026, ग्लासगो तथा एशियन अंडर–23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026, जापान के लिए भारतीय टीम का चयन किया जायेगा।